O.P. Jindal School, Patratu

H. Y. Examination (2024-25)

Class – VIII Time- तीन घंटे

Sub. – HINDI F.M. : 80

-----------------------------------------------------

सामान्य निर्देश :-

* इस प्रश्न-पत्र में वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
* इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
* प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दें।

---------------------------

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें - 2×5=10

कई लोगों को जरूरत न होने पर भी चीजों को खरीदने और इकट्ठा करने की आदत होती है। यह आदत टी.वी., अखबार आदि के विज्ञापनों से बहुत प्रभावित होती है।समाज में बड़े पैमाने पर मौजूद इस स्थिति को उपभोक्तावाद कहते हैं। उपभोक्तावाद के विस्फोट पर अब सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि इसने पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया है।उपभोक्तावाद, अति उपभोग, बेहिसाब कचरा उत्पादन और प्रदूषण का दानव तेल-संसाधनों की नींव पर खड़ा है। इन जीवाश्म ईंधनों ने बेहिसाब मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न किया है, जो जीवन के विविध रूपों के लिए बेहद विनाशकारी है। इसके लिए नई सदी में पश्चिमी जगत अपने भविष्य के लिए पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्प खोज रहा है।

(I) बिना जरूर चीजों को खरीदने व इकट्ठा करने की आदत का क्या कारण है?

(II) बेहिसाब मात्रा में प्रदूषण किसने पैदा किया है?

(III) उपभोक्तावाद के विस्फोट से किसे खतरा है?

(IV) पर्यावरण की दृष्टि से भरोसेमंद और टिकाऊ विकल्प कौन-से देश खोज रहे हैं?

(V) विज्ञापनों के प्रभाव से अनावश्यक सामान खरीदना व इकट्ठा करना क्या कहलाता है?

2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए - 10

(क) स्वावलंबन

(ख) जब मैं जादूनगरी में पहुंच गया

(ग) विद्यालयी बच्चों की सुरक्षा

(घ) स्वतंत्रता दिवस

3. 'स्वच्छता अभियान' के अंतर्गत अपने विद्यालय में किए जा रहे कार्यों के विषय में बताते हुए अपने मामा जी को पत्र लिखिए। - 5

अथवा

छात्रों के लिए खेलोत्सव आयोजित करने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

4. 'मैं और मेरा व्याकरण' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें -

(क) निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखें- 4

नेपाली, संस्कृत, रूसी, पंजाबी

(ख). निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - 4

जिसने इंद्र को जीत लिया हो

चार भुजाओं वाला

जिसे गुप्त रखा जाए
जो किसी का पक्ष न ले

(ग)निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग या प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए - 4
कठोर ,नीला , श्रम ,बुद्धि

(घ) विग्रह करके समास बताइए - 4
नीलगगन , अकाल , पंचवटी , नरसिंह

(ङ)निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए - 4
ज्येष्ठ ,सप्त ,अर्ध , क्षीर

5. निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए - 1×5=5

इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फरेब का रोजगार करने वाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है।

(क) आज के माहौल में कौन अधिक परेशान है?
(ख) मूर्खता का पर्याय किसे समझा जाने लगा है ?
(ग) सच्चाई किन लोगों के हिस्से में पड़ी है?
(घ) इस माहौल में जीवन के महान मूल्यों की आस्था की क्या स्थिति है ?
(ड.) पाठ और लेखक का नाम लिखें।
6.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए - 1×5=5
पक्षी और बादल,
भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठियां
पेड़ पौधे पानी और पहाड़
बांचते हैं।
(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।
(ख) डाकिए किसे कहा गया है?
(ग) इनकी लाई चिट्ठियों में किसका संदेश रहता है?
(घ) इनकी लाई चिट्ठियों को कौन बांचता है?
(ड.) इन चिट्ठियों के संदेश को कौन नहीं समझ पाता है?

7. 'वसंत' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 3×5=15
(क) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आंसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है? 'दीवानों की हस्ती' पाठ के आधार पर उत्तर दें।
(ख) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' पाठ के आधार पर बताइए कि चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है?

(ग) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है?
(घ) कारण बताएं -
"मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।"
* लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई?
(ड.) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

8. 'भारत की खोज' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×10=10

(I) प्राचीन समय में भारत की राजधानी थी -
(a) लखनऊ
(b) कानपुर
(c) जम्मू
(d) इंद्रप्रस्थ

(II) इनमें महाभारत का मुख्य भाग कौन-सा है?
(a) पुराण
(b) गीता
(c) रामायण
(d) भगवद्गीता

(III) चाणक्य का दूसरा नाम था?
(a) चरक
(b) सुश्रुत
(c) कौटिल्य
(d) अशोक

(IV) प्राचीन काल के प्रमुख शल्य चिकित्सक थे?
(a) सुश्रुत
(b) पाणिनी
(c) चरक
(d) धनवंतरी

(V) भारत का नाम किसके नाम पर पड़ा?
(a) राजा भारत
(b) राजा भरत
(c) भरतमुनि
(d) भारद्वाज

(VI) सबसे पहले प्राचीन काल में किस लिपि का निर्माण हुआ?
(a) देवनागरी
(b) ब्राह्मी लिपि
(c) रोमन लिपि
(d) गुरुमुखी

(VII) नेहरू जी ने जीवन में कितनी बार जेल की यात्रा की थी?
(a) आठ बार
(b) दो बार
(c) नौवीं बार
(d) पाँचवी बार

(VIII) भारत के शिक्षा केंद्र कौन से थे?
(a) तक्षशिला व काशी
(b) बनारस व तक्षशिला
(c) इलाहाबाद व बनारस
(d) इंद्रप्रस्थ व तक्षशिला

(IX) बौद्ध और जैन धर्म किस धर्म से अलग होकर बने?
(a) हिंदू धर्म
(b) वैश्य धर्म
(c) वैदिक धर्म
(d) इसाई धर्म

(X) कुषाणों का लोकप्रिय राजा कौन था?
(a) अशोक
(b) जरथुष्ट्र
(c) कनिष्क
(d) नागार्जुन
------------------------